⇒ अमेरिकी गृहयुद्ध के परिणाम :–

गृह युद्ध ने अमेरिका के इतिहास में एक नवीन युग का श्री-गणेश किया। 'भाई-भाई' के युद्ध ने जहाँ एक ओर संघर्ष तथा विध्वंसता का परिचय दिया वहीं दूसरी ओर अमेरिका के सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक मूल्यों में वृद्धि की। गृह युद्ध के निम्न-लिखित परिणाम सामने आये :–

(i) जन-धन की अपार हानि,
(ii) सुदृढ़ राजनैतिक व्यवस्था की स्थापना,
(iii) पारस्परिक घृणा,
(iv) औद्योगिक प्रसार,
(v) सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन, तथा
(vi) आधुनिक रणनीति का प्रथम युद्ध।

(i) जन-धन की हानि :- इस युद्ध में अपार जन-धन की हानि हुई थी। उत्तरी अमरीका के 3 लाख 60 हजार तथा द० अमेरिका के 2 लाख 58 हजार व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। लाखों व्यक्ति हमेशा के लिए बिल्कुल शारीरिक रूप से विकलांग हो गये थे। दोनों पक्षों का पर्याप्त धन खर्च हुआ। संघीय (Federal Government) सरकार का व्यय औसतन 30 लाख डॉलर प्रतिदिन था। सरकारी ऋण पर दिया गया ब्याज और सैनिकों, उनकी विधवाओं तथा अनाथों को दी गई पेंशन ने सरकार की रही-सही कमर ही तोड़ दी। द० की सभी बैंक और बीमा कम्पनियाँ फेल हो गईं।

(ii) सुदृढ़ राजनैतिक व्यवस्था की ~~स्थापना~~ :-

गृह-युद्ध ने प्रान्तीय एवं संघीय राज्यों के अधिकारों के विवाद को सुलझा दिया। मुक्त दासों को संविधान के 14 वें 15 वें संशोधनों द्वारा अमेरिका की नागरिकता के पूर्ण अधिकार दिये गये। साथ ही घोषणा की गई कि संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी नागरिक को जाति, रंग अथवा पूर्व ~~अधिकार~~ अधीनता के आधार पर मता-धिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। अब राज-नैतिक रूप से अमेरिका को वास्तविक संयुक्त राष्ट्र का रूप प्रदान किया गया।

(iii) पारस्परिक घृणा :- लिंकन ने बार-बार कहा कि दक्षिणी राज्य को अपनी पराजय की भावना को भूलकर संयुक्त राज्य के साथ मिलकर कार्य करना चाहिये। पर उत्तर तथा दक्षिणी राज्यों के बीच की घृणा की भावना कई दशकों तक चलती रही। इसी भावना के कारण बहुत से लोग परस्पर असहिष्णु बन गये थे। उत्तर के रिपब्लिकन
... ... ... ... ... ... ... ... ... 'दिखाकर

दक्षिण के डेमोक्रेट लोगों के विरुद्ध जब दुराग्रह से काम उठाना चाहते थे। इसके विपरीत दक्षिण के लोगों ने डेमोक्रेट झण्डे तले एकत्र होकर 'संगठित दक्षिण दल' का गठन किया। परिणामत: डेमोक्रेट दल को कांग्रेस में प्रवेश करने में 20 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा और गृह युद्ध की समाप्ति के 50 वर्षों बाद दक्षिण राज्यों के नेता 'वुडरो विल्सन' अमरीका के राष्ट्रपति बन सके।

(iv) औद्योगिक प्रसार :- गृहयुद्ध के बाद संयुक्तराज्य में एक नवीन औद्योगिक सभ्यता ने जन्म लिया। नये-नये उद्योग स्थापित हुए, नगरों की संख्या बढ़ी तथा व्यापार और वाणिज्य का भी विकास हुआ। इस्पात, तेल, कोयला एवं रेल उद्योग का तीव्रता से विकास हुआ। सरकार की नई तटकर नीति से उद्योगों को संरक्षण मिला।

कृषि के क्षेत्र में विज्ञान तथा तकनीकी के प्रसार ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाये। 1860 से 1910 तक के 50 वर्षों में अमेरिका में फार्मों की संख्या तिगुनी हो गयी। गेहूँ, मक्का और रुई का उत्पादन कई गुनी बढ़ गयी। अब अमेरिकी किसान देश की आवश्यकता पूर्ति करके खाद्यान्नों का दूसरे देशों में निर्यात करने की स्थिति में आ गये थे। इसी समय अमेरिका में नव-आर्थिक युग का सूत्रपात हुआ तथा अमेरिकी समाज पूंजीवाद की ओर अग्रसर हुआ।

(v) सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन :- तकनीकी तथा वैज्ञानिक विकास के कारण देहाती क्षेत्र नगरीय क्षेत्रों में परिणत होने लगे। न्यूयार्क, शिकागो, बोस्टन, बाल्टिमोर,
[illegible]

शहरी जीवन की माँग ने तकनीकी विकास को प्रोत्साहित
किया। विद्युत रेलगाड़ियाँ, विद्युत-प्रकाश, ~~सेलि~~ टेलीफोन के
खम्भे ⊙ * नदियों पर विशाल पुलों की रचना आरम्भ हुई।

जर काने
गे तथा

नगरों में महिलाएँ-घरों से निकलकर बाहर आफिसों व फैक्ट्रियों में कार्य करने लगी। स्त्री शिक्षा को बढ़ावा मिला, मनोरंजन के साधनों का विकास हुआ, नगरों ~~में~~ में नगरपालिकाएँ स्थापित हुई। इस प्रकार, गृहयुद्ध के पश्चात् आम व्यक्ति के सामाजिक मूल्यों में पर्याप्त विकास हुआ।

(vi) <u>आधुनिक रणनीति का प्रथम युद्ध</u> :- इतिहास का यह प्रथम युद्ध था, जिसमें बख्तरबंद युद्ध पोतों ने संघर्ष में हिस्सा लिया। पहली बार व्यापक रूप से <u>तोपखाने गोला बारूद</u> एवं <u>मशीनगनों</u> का प्रयोग हुआ। पहली बार समाचार पत्रों में युद्ध की गतिविधियों की विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय निर्वाचनों में सैनिकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार घायल सैनिकों की ~~युद्ध~~ चिकित्सा का ~~सुव्यव~~ सुव्यवस्थित प्रबंध किया गया। पहली बार <u>भूमिगत</u> तथा <u>जलगत सुरंगे</u> बिछायी गई, युद्ध पोतों को डुबो देने वाली <u>पनडुब्बियों</u> का प्रयोग हुआ। इस प्रकार, आधुनिक तकनीक पर आधारित यह प्रथम युद्ध था।

<u>निष्कर्ष</u> :- इस प्रकार अमरीकी गृहयुद्ध ने वहाँ के आर्थिक एवं राजनैतिक पुनर्निर्माण का आधार तैयार किया, ~~और~~ जो अपरोक्ष रूप से अमेरिका के लिए लाभकारी रहा।। प्रो० ~~रूलसन~~ ने ठीक ही कहा है- "<u>युद्ध एक शल्य क्रिया थी। यह दुःखदायी होते हुए भी संयुक्त राज्य के लिए अनकहा आशीर्वाद बन गयी।</u>"
इस तरह हम पाते हैं कि गृहयुद्ध ने दासता तथा संघीय शक्ति के प्रभुत्व सम्बन्धी प्रश्नों का समाधान कर अमेरिका में ... विकास किया।